सिटी एक्टिविटी

विधायक मसूद ने किया प्याऊ का उद्घाटन

भोपाल। मध्य क्षेत्र से विधायक आरिफ मसूद ने यूनानी शिफाखाना में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. आसिफ शाहमीरी खुर्रम के नाम से चौपाल व सौंदर्यीकरण व इतवारा में प्याऊ के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण किया। ईशरलाल शर्मा, संतोष साहू, डॉ. औसाफ शाहमीरी खुर्रम, श्रीयांश जैन, मनोज अग्रवाल, रोहित, कैलाश अग्रवाल व अन्य मौजूद रहे।

तुलसी पौधा और सुहाग सामग्री भेंट की

संत नगर। हलालपुर स्थित खाती धर्मशाला में लक्ष्मी नारायण पूजन व पूर्ण आहुति के बाद सम्मान हुआ। इस अवसर पर पं. रघुवीर प्रसाद चौबे ने पुरुषों को तिलक लगाकर तुलसी का पौधा और महिलाओं को सुहाग की सामग्री भेंट की। अध्यक्ष मनोज वर्मा, प्रभाकर सिंह पटेल, सिमरन सिंह मीणा, भूपत प्रसाद पटेल, लखनलाल गुर्जर मौजूद रहे।

ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन ने बैठक में की चर्चा

संत नगर। ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन की सोमवार को कृषि उपज मंडी में बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया कि सचिव के नोटिस का जवाब देकर नीलामी चालू करवाने और उपज खरीदी की मांग की जाएगी। किसान उपज बेचने नहीं आ रहे हैं। फिर भी व्यापारियों को नोटिस दिया कि वे रुचि नहीं ले रहे हैं। मुख्य अतिथि हरीश ज्ञानचंदानी, साधुमल रिझवानी का स्वागत किया।

मंडीदीप में गोशाला निर्माण का भूमिपूजन

मंडीदीप। ओम शिवशक्ति सेवा मंडल द्वारा गो पूजन और गोशाला निर्माण का भूमिपूजन किया गया। मंडल अध्यक्ष विपिन भार्गव, प्रेम पाल, घोटू सोनी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। मंगलवार को पड़ोनिया ग्राम में सुबह सुंदरकांड पाठ व धार्मिक बैठक होगी। इसमें महाशिवरात्रि पर भोजपुर मंदिर में भंडारे, अमरनाथ, कांवड़ यात्रा पर चर्चा होगी।

साईं हरीश लाल का पंचायत ने किया स्वागत

संत नगर। सिंधी संत साईं चांडूराम लखनऊ वाले के पुत्र साईं हरीश लाल का कंवरराम चौराहे पर पूज्य सिंधी पंचायत ने स्वागत किया। साईं हरीश इंदौर से आए। चंद्रभान किशनानी, पंचायत के अध्यक्ष साबू रीझवानी, महासचिव माधु चांदवानी, उपाध्यक्ष परसराम आसनानी, नंद कुमार दादलानी, सचिव मोहन मीरचंदानी, इंद्र भोजवानी ने आशीर्वाद लिया।

गर्ल्स स्कूल में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

संत नगर। कोरोना काल में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने निशांत स्वास्थ्य वेलफेयर सोसाइटी, द लॉयन सिटी ग्रुप व पूज्य सिंधी पंचायत ने पंचवटी स्थित गर्ल्स स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। इसमें सैकड़ों लोगों ने जांच करवा कर परामर्श लिया। डॉ. जितेंद्र मिश्र, कमलेश रायचंदानी व डॉ. वर्षा खुशलानी ने यह शिविर आयोजित किया।

जगदीश बने मानवाधिकार संगठन के जिलाध्यक्ष

बैरसिया। मानवाधिकार संगठन एसोसिएशन की प्रदेश इकाई की सोमवार को समीक्षा बैठक हुई। इसमें जगदीश कुशवाह को जिला अध्यक्ष बनाया। राष्ट्रीय महासचिव नरेश वर्मन, प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, प्रदेश प्रमुख महासचिव नीलेश आर्य, प्रदेश संगठन सचिव राजेश विश्वकर्मा ने विचार रखे। जगदीश को गणमान्य लोगों ने शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मानव अधिकारों को लेकर संगठन की विचारधारा और संगठन को मजबूती देने की इच्छा जताई है।

नगर निगम चुनाव : आरक्षण के बाद आकाओं से लगा रहे जुगाड़

आरक्षण ने फेरा पानी, कोलार के एक दर्जन स्थानीय नेता हुए 'बेरोजगार'

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9752479963



नगर निगम चुनाव में पार्षद बनने के ख्वाब देख रहे नेताओं की नींद उड़ी हुई है। इसकी वजह यह है कि आरक्षण ने उनकी सारी मेहनत पर पानी फेर दिया है।

वह जिस वार्ड में पांच साल से जी-तोड़ मेहनत कर रहे थे, वह अब ओबीसी या सामान्य महिला हो गए हैं। इसके चलते कोलार क्षेत्र में करीब एक दर्जन स्थानीय नेता बेरोजगार हो गए हैं। इनमें कांग्रेस और भाजपा-दोनों दलों के नेता शामिल हैं।

मेल-मिलाप कर दिया कम

पिछले पांच साल से वार्ड में सक्रिय स्थानीय नेताओं ने अब मेल-मिलाप भी कम कर दिया है। अब वह किसी से नमस्ते भी नहीं कर रहे हैं। उन्होंने मौन साध लिया है और मन ही मन किस्मत को कोस रहे हैं।

कोलार में पांच में से मात्र एक पुरुष वार्ड

वार्ड 82 पहले सामान्य पुरुष था, जो आरक्षण के बाद अब ओबीसी महिला हो गया है। वहीं, दूसरी ओर वार्ड 80 पहले ओबीसी पुरुष था, जो अब ओबीसी महिला के लिए आरक्षित हो गया है। इसी तरह वार्ड 83 सामान्य महिला था, जो अब ओबीसी पुरुष के लिए आरक्षित हो गया है। उपनगर कोलार में पांच वार्ड हैं। इन वार्डों में से मात्र यही एक वार्ड है, जो पुरुष है। इसलिए अधिकतर नेताओं की नजर इस वार्ड पर टिकी हुई है।

ये हैं स्थानीय नेता, जो कर रहे थे तैयारी

कांग्रेस
- राहुल सिंह राठौड़
- गायत्रीप्रसाद शर्मा, पूर्व पार्षद
- विक्रम सिंह चौहान
- बिट्टू शर्मा

भाजपा
- दीपक दयाल माथुर
- अमित शुक्ला, पूर्व पार्षद
- ललित चतुर्वेदी

टटोल रहे संभावनाएं

संभावित प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी के लिए अपने-अपने सोर्स लगाना शुरू कर दिए हैं। हर दावेदार अपनी जीत का मजबूत दावा पेश करेगा। दावेदार पार्टी में रहकर जनहित में किए गए कार्यों को पार्टी के आलाकमान के सामने रखने की भी तैयारी कर रहे हैं।

बड़वाले मंदिर से शिव बारात छोटे स्वरूप में निकलेगी

कोरोना संक्रमण को देखते हुए लिया निर्णय

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

बड़वाले महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां चल रही हैं।

महाशिवरात्रि का पर्व फाल्गुन माह की त्रयोदशी तिथि पर पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाएगा। हिंदू पंचांग के अनुसार महाशिवरात्रि पर्व बहुत ही खास होता है। महाशिवरात्रि पर्व इस बार 11 मार्च को मनेगा।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार की महाशिवरात्रि बेहद विशेष होगी। महाशिवरात्रि पर कई साल बाद विशेष योग बन रहा है, जो साधना-सिद्धि के लिए बेहद विशेष होगा। वहीं, शिव मंदिरों में तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। कायस्थपुरा स्थित श्री बड़वाले महादेव मंदिर में हर साल की तरह इस बार भी 22 दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव जल्द शुरू हो जाएगा। इस दौरान मंदिर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के साथ भगवान शिव जी-माता जी की धार्मिक रीति-रिवाज से विवाह की रस्में पूरी कराई जाएंगी। श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट द्वारा महाशिवरात्रि महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से शुरू की गई हैं। इस संबंध में समिति के समस्त सदस्यों ने चांदी के रथ, चांदी की मूर्ति छत्र सहित अन्य जेवरों की सफाई का काम शुरू कर दिया है। समिति के संयोजक संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर महत्वपूर्ण बैठक मंदिर में हुई। इसमें कोरोना संक्रमण के लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुए शिव बारात का छोटा स्वरूप रखने का निर्णय लिया। साथ ही सभी सदस्यों को महाशिवरात्रि उत्सव का कार्य विभाजन कर जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। इस मौके पर शिशिर मित्तल आकाश अग्रवाल मोनू राठौड़ प्रकाश मालवीय आदि लोग मौजूद रहे।

वास्तविक मनुष्य बनने मानवीय गुण अपनाएं : माता सुदीक्षा

संतनगर। वास्तव में मनुष्य कहलाना चाहते हैं तो मानवीय गुण अपनाना होगा। कोई भी भावना मन में आती है तो स्वयं का मूल्यांकन कर सूक्ष्म दृष्टि से मन के तराजू में तोलकर देखना होगा। इससे हमें यह एहसास होगा कि हम कहां पर गलत हैं।' यह विचार निरंकारी माता सुदीक्षा ने महाराष्ट्र के 54वें प्रादेशिक निरंकारी संत समागम के समापन पर व्यक्त किए। सतगुरु माता सुदीक्षा ने कहा कि यथार्थ मनुष्य बनने के लिए हमें प्यार भरा व्यवहार, सहानुभूति, उदार एवं विशाल होकर दूसरे के अवगुणों को अनदेखा कर उनके गुणों को ग्रहण करना होगा। सबको समदृष्टि से देख एवं आत्मिक भाव से दूसरों के दुख को भी मानना होगा। मानवीय गुण हैं, उनको भी धारण करने से जीवन सुखमयी व्यतीत होगा। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन बड़ा ही अनमोल है और प्रभु प्राप्ति के लिए उम्र का कोई तकाजा नहीं होता है।

भृगु भार्गव समाज के नर्मदा शंकर बने प्रांतीय अध्यक्ष

श्री भृगु भार्गव समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 8602467816

श्री भृगु भार्गव समाज मप्र का प्रांतीय सम्मेलन एवं साधारण सभा इंदौर के समीप भगवान परशुराम की जन्म स्थली जानापाव में हुआ। अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष पं. रमेश शर्मा ने की।

सभा की मुख्य अतिथि कल्याण आश्रम की डॉ. कल्याणी चैतन्य करपात्री, प्रदेश अध्यक्ष पं. रमेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारियों ने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन में प्रांतीय अध्यक्ष का निर्वाचन पं. जियालाल शर्मा एवं डॉ. गोपाल प्रसाद खड्डर निर्वाचन अधिकारी ने कराया। इसमें गुना के समाजसेवी प. नर्मदा शंकर भार्गव को प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम का संचालन पं. अशोक चतुर्वेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। सचिव संजीव शर्मा द्वारा सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

मानस भवन में श्रीराम कथा में सुनाया केवट की भक्ति का प्रसंग

भोपाल। मानस के रामकिंकर सभागार में सातवें दिन मुरलीधर महाराज ने केवट प्रसंग कथा का बखान किया। उन्होंने कहा कि गंगा किनारे भगवान राम, सीताजी और लक्ष्मण सहित केवट से नाव मांगते हैं पर केवट नाव नहीं लाता, केवट कहता है कि नाव में बैठने से पहले प्रभु आपके चरण पखारूंगा। क्योंकि आपकी चरण रज के प्रभाव से एक शिला मुनि की पत्नी अहिल्या बन गई। इस प्रसंग का अर्थ बताते हुए कहा कि केवट यह भलीभांति जानता था कि उसके समक्ष जो खड़े हैं वह भगवान है और उसने भक्ति की गंगा के किनारे सत्संग में संतों मुखारविंद सुन रखा था कि भगवान भक्त के प्रेम में वश होकर भक्त की भावना अनुसार व्यवहार करते हैं। इसलिए केवट को मन में यह निश्चित था कि प्रभु उसकी नाव के अलावा किसी अन्य साधन से उस पार नहीं जाएंगे।

व्यक्ति का मान-सम्मान श्मशान में पता चलता है

रतनपुर स्थित शिव मंदिर में चल रही भागवत कथा

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9752479963

रतनपुर स्थित शिव मंदिर में भागवत कथा में दूसरे दिन कथा वाचक साध्वी वैष्णवी ने कहा कि श्रीमद् भागवत पुराण जहां होती है, वहां देवी-देवता विराजमान होते हैं। केवल कथा सुनने मात्र से उद्धार नहीं होता, बल्कि उसे हृदय में भी उतारें। उससे कल्याण होता है। उन्होंने कहा कि किसी का सम्मान कितना है, यह मृत्यु के बाद श्मशान में पता चलता है। अगर काम अच्छे होंगे तो लोग कहेंगे कि व्यक्ति बहुत अच्छा था। अब हमारे बीच नहीं रहा। हमारे कर्म बुरे होंगे तो लोग कहेंगे कि अच्छा हुआ चला गया। इसलिए हम ऐसे काम करें कि लोग हमें मरने के बाद भी याद करें। उन्होंने कहा कि कथा सुनना समस्त दान, व्रत, तीर्थ, पुण्यादि कर्मों से बढ़कर है। उन्होंने कहा कि धुंधकारी जैसे शराबी महापापी, प्रेतआत्मा का उद्धार हो जाता है। कथा के बीच-बीच में भाव विभोर करने वाले भजनों को सुनकर भक्त मंत्र मुग्ध हो गए।

नानी बाई का मायरा प्रसंग आज

मंगलवार को कथा दोपहर 12 से 3 बजे तक होगी। रात 8 बजे से नानी बाई के मायरा का आयोजन किया जाएगा। साध्वी वैष्णवी नानी बाई का मायरा प्रसंग सुनाएंगी। उसके बाद ग्रामीण नानी बाई का मायरा भरेंगे।

ई-संगोष्ठी : हर पांच में से एक बच्चे ने माना-क्लास में टीचर ने किया हर्ट

एक्सपर्ट ने संवाद में दोषपूर्ण मूल्यांकन पद्धति को माना मुख्य वजह

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9827229858

चाइल्ड कंजर्वेशन फाउंडेशन की ई संगोष्ठी में परीक्षाओं को लेकर बालमन की दुविधाओं व मनोविज्ञान पर चर्चा हुई। इसमें ख्यातिनाम बाल मनोविज्ञान विशेषज्ञ डॉ. ज्योति सोनी (केंद्रीय विद्यालय भोपाल) और बाल मनोविज्ञान विशेषज्ञ सुधाकर पाराशर (प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय) ने संबोधित किया। वहीं, चाइल्ड कंजर्वेशन फाउंडेशन के सचिव डॉ. कृपा शंकर चौबे ने शोध के सर्वेक्षण का हवाला देकर जरूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अध्ययन में हर पांच में से एक बच्चे ने माना कि क्लास में टीचर ने उसे हर्ट किया है। सुधाकर ने कहा कि शिक्षण व्यवस्था के किसी भी स्टेक होल्डर्स की सेवा न्यूनता का खामियाजा बच्चों को ही उठाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि अंक सूची या रिपोर्ट कार्ड मूल्यांकन पद्धति बदलने की जरूरत है। रिपोर्ट कार्ड के आधार पर बच्चों में सुधार की कवायद तय करनी चाहिए। दुर्भाग्य से अंक सूची बच्चों के प्रति पारिवारिक, सामाजिक नजरिए को निर्धारित करने लगती है। हम एग्जाम फोबिया से बचपन को निकालने की कार्ययोजना पर काम करें। अच्छे शिक्षक को हमेशा प्रयास भी करना चाहिए कि बच्चों को परीक्षा के भय से बाहर रखें। डॉ. ज्योति सोनी ने कोविड काल के प्रभावों पर अध्ययन का हवाला देते हुए बताया कि ऑनलाइन क्लासेज से 30 प्रतिशत बच्चों की आंखों का नंबर बढ़ा मिला है। 50 फीसदी में मोटापे (ओबिसिटी) शिकायत सामने आई। इसके अलावा फिजिकल एक्टिविटी बुरी तरह प्रभावित हुई है। अधिसंख्य बच्चे मानसिक रूप से खुद को स्वतंत्र महसूस नहीं कर पा रहे हैं।

स्टडी में ये बातें आई सामने

- 59 फीसदी बच्चों में परीक्षा को लेकर यह धारणा रहती है कि परीक्षा एक कठिन दौर होता है।
- 66 फीसदी को यह डर लगता है कि उनके अंक परीक्षा में कम आएंगे
- 55 फीसदी लड़कियों को लगता है कि लड़कों की तुलना में उनके अंक कम आएंगे।
- 5 में से एक बच्चे ने यह माना कि उसे कक्षा में शिक्षक ने एक बार हर्ट किया है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
फायर ब्रिगेड, श्यामला हिल्स,
दूरभाष : 0755-2701221 ईमेल : fireofficer@bmconline.gov.in

क्रमांक 102/फा.ब्रि./2021 // निविदा सूचना // भोपाल, दिनांक 01/03/2021

नगर निगम, भोपाल फायर ब्रिगेड द्वारा 03 नग वायरलेस रिपीटर लगवाने एवं वायरलेस से संबंधित सामग्री क्रय किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा का ई-टेण्डर क्र.–2021_UAD_132087_1 है।

क्र.	कार्य का विवरण	मात्रा	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	निविदा फार्म का मूल्य
1.	Motorola VHF Digital Repeater Model-SLR5300 with Network range extender, inbuilt power supply Unit and standard accessories	03 Nos.	रू. 49,90,161/- GST सहित	रू. 50,000/-	रू. 5,000/-
2.	100 ft. Galvanized guy rope supported triangular tower made of 1.5 inch dia pipe B class ISI including anchor Rod, Adjustment Stainer, U Clamp, D Clamp with Nut bolts and 8mm GI Wire rope complete with installation.	03 Nos.			
3.	6 DB gain Ground Plane VHF Antenna	06 Nos.			
4.	LMR400 RF Cable	300 Mtr.			
5.	Microwave repeater IP Site connect link with 5.8 GHz upto 14 Mbps Base Unit/Remote Bridge Microwave radios including outdoor unit and directional antenna.	03 Nos.			
6.	D-6 D-Link Cable for Wireless Microwave link Radio	300 Mtr.			
7.	Installation, Configuration and Networking Charges of Repeater Station.	03 Nos.			
8.	Construction of wireless repeater room (10x10 ft) with plaster & Flooring with fan, light, power board etc.	03 Nos.			

निविदा से संबंधित संशोधन एवं अन्य विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी एवं फायर ब्रिगेड कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

रामेश्वर नील
फायर आफिसर
नगर निगम, भोपाल

पि.क्र. 1744/020/021

IndiaShelter इंडिया शेल्टर फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : प्लाट – 15, 6टी मंजिल, सेक्टर-44, इंस्टीट्यूशनल एरिया, गुरुग्राम, हरियाणा-122002.
शाखा कार्यालय : प्लाट नं. 69, 3री मंजिल, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल-462011

अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों के सुरक्षा और पुनर्निर्माण और सुरक्षा ब्याज अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ ई-नीलामी बिक्री नोटिस
इस प्रकार आमतौर पर जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति कब्जा/जमानती लेनदार को गिरवी किया गया है, जो "जैसा है" "जहां है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर कंपनी की बकाया वसूली हेतु बेची जाएगी।

स.क्र.	1. ऋणी/(यों) एवं जमानतदार/(रों) एवं कानूनी वारिस/(यों) के नाम एवं पता 2. कुल बकाया ब्याज के साथ	भौतिक कब्जा दिनांक	ज्ञात ज्ञान, अगर कोई है के साथ अचल संपत्ति का विवरण	1. ई-नीलामी की दिनांक एवं समय 2. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 3. संपत्ति निरीक्षण की दिनांक एवं समय	1. आरक्षित मूल्य 2. संपत्ति की ईएमडी राशि 3. बोली बढ़ाने की राशि
1.	श्रीमती राधा बाई विश्वकर्मा एवं श्री शिवराज विश्वकर्मा सभी निवासी: मकान नं. 60 नर्मदा जी.एन. सोसायटी ग्राम: बावड़ियाकलां जिला-भोपाल मध्य प्रदेश ऋण खाता नं. पीएम0200000008 कुल बकाया राशि- रू. 7,92,945/- (रुपये सात लाख बयानवे हजार नौ सौ पैंतालीस मात्र) 30.04.2019 तक बकाया	25.09.2020	विक्रांत लाइफ स्टाईल उर्वशीपुरी कॉलोनी, प्लाट नं. 56, 57, 58, 59, 60, 61 एवं 62, खसरा नं.473/1/2/181 भाग, पी.एच. नं.3 पारस्ली वॉलेज फैक्ट्री के पास, दाहोद रोड, वार्ड नं. 23, टाउन-मंडीदीप जिला-रायसेन 462046 (मध्य प्रदेश) संपत्ति चतुर्सीमा पूर्व: प्लॉट नं. 09, पश्चिम: प्लॉट नं. 12 उत्तर: प्लॉट नं.23 एवं दक्षिण: 10 फीट सड़क	ई-नीलामी दिनांक-31 मार्च 2021, प्रात: 11.30 से 1.00 बजे तक 5 मिनट्स के असीमित विस्तार के साथ केवायसी के साथ ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 30 मार्च 2021 को सायं 5.00 बजे तक (1ली)। संपत्ति निरीक्षण दिनांक: 21 मार्च 2021 प्रात: 10.30 से दोपहर 02.00 (1ली)।	आरक्षित मूल्य: रू. 6,80,000/- (रुपये छह लाख अस्सी हजार मात्र) अग्रिम जमा राशि: रू. 68,000/- (रुपये अड़सठ हजार मात्र) बोली बढ़ाने की राशि: रू. 10,000/- (रू. दस हजार) एवं ऐसे गुणकों में
2.	श्रीमती रानी बाई, श्री विनोद सिंह राजपूत एवं मुकेश सिंह सभी निवासी: मकान नं. 4 वार्ड नं. 4, ग्राम – सुकिया तहसील-गौहरगंज, जिला-रायसेन488441 मध्य प्रदेश ऋण खाता नं. एचएल2000000884 कुल बकाया राशि- रू. 4,24,215/- (रुपये चार लाख चौबीस हजार दो सौ पन्द्रह मात्र) 31.01.2019 तक बकाया	16.10.2020	फ्री होल्ड प्लाट पार्ट ऑफ सर्वे नं. 179/1/2/1/1/2/1, पीएच नं. 4, ग्राम सुकिया तहसील-गौहरगंज, जिला-रायसेन मध्य प्रदेश संपत्ति चतुर्सीमा: पूर्व: 10 फीट चौड़ी रोड, पश्चिम: अन्य प्लाट उत्तर : छोटू का प्लाट, दक्षिण: रघुवीर सिंह का प्लाट	ई-नीलामी दिनांक-31 मार्च 2021, प्रात: 11.30 से 1.00 बजे तक 5 मिनट्स के असीमित विस्तार के साथ केवायसी के साथ ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 30 मार्च 2021 को सायं 5.00 बजे तक (1ली)। संपत्ति निरीक्षण दिनांक: 21 मार्च 2021 प्रात: 10.30 से दोपहर 02.00 (1ली)।	आरक्षित मूल्य: रू. 10,56,000/- (रुपये दस लाख छप्पन हजार मात्र) अग्रिम जमा राशि: रू. 1,05,600/- (रुपये एक लाख पांच हजार छह सौ मात्र) बोली बढ़ाने की राशि: रू. 10,000/- (रू. दस हजार) एवं ऐसे गुणकों में
3.	श्रीमती मंजू साहनी एवं श्री राजेश साहनी सभी निवासी: एलआईजी-09 सतलापुर मंडीदीप मंडीदीप तहसील-गौहरगंज जिला-रायसेन 488441 मध्य प्रदेश ऋण खाता नं. एचएल1800000463 कुल बकाया राशि- रू. 2,93,038/- (रुपये दो लाख तिरानवे हजार अड़तीस मात्र) 31.07.2018 तक बकाया	25.09.2020	प्लाट नं. ईडब्ल्यूएस एस.293 स्थित संपत्ति, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, ग्राम सतलापुर, मंडीदीप, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन मध्य प्रदेश संपत्ति चतुर्सीमा: पूर्व: प्लाट नं.एस-283, पश्चिम: सड़क, उत्तर: प्लाट नं. एस-291 एवं दक्षिण : प्लाट नं. एस-293	ई-नीलामी दिनांक-31 मार्च 2021, प्रात: 11.30 से 1.00 बजे तक 5 मिनट्स के असीमित विस्तार के साथ केवायसी के साथ ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 26 मार्च 2021 को सायं 5.00 बजे तक (1ली)। संपत्ति निरीक्षण दिनांक: 21 मार्च 2021 प्रात: 10.30 से दोपहर 02.00 (1ली)।	आरक्षित मूल्य: रू. 6,81,408/- (रुपये छह लाख इक्यासी हजार चार सौ आठ मात्र) अग्रिम जमा राशि: रू. 68,141/- (रुपये अड़सठ हजार एक सौ इकतालीस मात्र) बोली बढ़ाने की राशि: रू. 10,000/- (रू. दस हजार) एवं ऐसे गुणकों में

धरोहर राशि का भुगतान डीडी के माध्यम से "इंडिया शेल्टर फाईनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड" के पक्ष में देय भोपाल स्थानीय शाखा अथवा एक्सिस बैंक खाता नं. 911020001057107 एवं आईएफएससी कोड: UTIB0000131, शाखा गुड़गांव एवं शाखा कोड 000131 में NEFT/RTGS के द्वारा किया जाएगा।
बिक्री के तहत संपत्तियों के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण/आवश्यकता के मामले में बोलीदाता- श्री अक्षय भार्गव (+91 8109628374) एवं श्री अजय गुप्ता (+91 7906826375 एवं 0124-4131812)
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया इंडिया शेल्टर फाईनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा प्रदत्त वेबसाइट WWW.INDIASHELTER.IN या WWW.INDIASHELTER.AUCTIONTIGER.NET
स्थान : भोपाल दिनांक : 01.03.2021 अधिकृत अधिकारी, वास्ते इंडिया शेल्टर फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड